# वागड़ संदेश

www.wagadsandesh.com

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-211 सागवाड़ा, शुक्रवार,8 अप्रेल, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा ने बीटीपी पर साधा निशान, कहा बीटीपी के नहीं बल्कि सर्व समाज के है राणा पूंजा

### राणा पूंजा की मूर्ति स्थापित करवाने का मामला बना राजनैतिक अखाडा

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर शहर में राणा पूंजा की मूर्ति की स्थापना को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। मूर्ति को जल्द स्थापित करने की मांग को लेकर कल बीटीपी के प्रदर्शन के बाद डूंगरपुर विधानसभा से कांग्रेस विधायक गणेश घोघरा ने बीटीपी के चौरासी विधायक राजकुमार रोत व बीटीपी पार्टी पर निशाना साधा है। विधायक घोघरा ने कहा की राणा पूंजा के नाम पर बीटीपी शहर का माहोल बिगाड़ने के काम कर कर रही है। राणा पूंजा अकेले बीटीपी के नहीं थे बल्कि वे सर्व समाज के थे।



राणा पूंजा की मूर्ति स्थापित करने के विवाद के बीच आज डूंगरपुर विधानसभा से कांग्रेस विधायक गणेश घोघरा ने सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता की। पत्रकार वार्ता में डूंगरपुर प्रधान कांता कोटेड व अन्य नेता शामिल हुए। पत्रकार वार्ता में डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा ने बीटीपी विधायक राजकुमार रोत व बीटीपी पर जमकर निशाना साधा। कल बीटीपी के शहर में राणा पूंजा की मूर्ति स्थापित करने की मांग को लेकर किये गए शक्ति प्रदर्शन के बाद आज कांग्रेस से डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा मीडिया से मुखातिब हुए और बीटीपी की ओर से किए गए शक्ति प्रदर्शन की कड़ी निन्दा की। उन्होंने कहा की बीटीपी गंदी राजनीति कर रही है। उन्होने कहा की मेरे ही कहने पर पूर्ववर्ती नगर परिषद बोर्ड ने मूर्ति बनवाई थी और इसे स्थापित करने के लिए में दो दिन पहले ही कलेक्टर से बात कर चुका हु। और जल्द ही इसे स्थापित करवा दिया जाएगा। विधायक गणेश घोघरा ने कहा की राणा पूंजा केवल बीटीपी के ही नही है वे सभी समाजों के लिए पूजनीय और पूरे राजस्थान के गौरव है। ऐसे में मूर्ति का अनावरण राज्य सरकार के जनप्रतिनिधि ही करेंगे और अगर किसी को जल्दी है तो अपनी विधान सभा में लगवा ले। उन्होंने कहा की डूंगरपुर विधानसभा का माहौल खराब करने की कोशिश कांकरी डूंगरी दंगो की तरह नहीं करे। विधायक गणेश ने पुलिस प्रशासन से मांग रखी की कल शहर में जाम लगाकर माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ कानूनी कारवाई करे। दरअसल

राणा पूंजा की मूर्ति लगवाने का श्रेय लेने के लिए कल चौरासी विधायक राजकुमार के नेतृत्व में चौरासी विधानसभा से सेकडो समर्थको ने नगर परिषद के बाहर 5 घंटे तक जाम लगाया था। इससे शहर में कांकरी दंगो जैसा डर बैठ गया था और कई दुकानों के शटर गिर गए थे। इधर अभी कांकरी डूंगरी दंगो के गांव भरे भी नही है और अब राणा पूंजा की मूर्ति लगाने को लेकर दोनों राजनीतिक दल रोटियां सेकने में लगे है जिससे सोशल मीडिया पर भी खूब भुनाया जा रहा है जिससे आगामी समय में जिले का सांप्रदायिक सदभाव खराब हो सकता है।

## शिशोद में हुए जलग्रहण के कार्यो का जिला प्रमुख ने किया निरीक्षण



**डूंगरपुर।** जिला प्रमुख सुर्या अहारी ने शुक्रवार कोपंचायत समिति बिछीवाड़ा की ग्राम पंचायत शिशोद में हुए जलग्रहण के कार्यो का निरीक्षण किया। जिला प्रमुख ने कार्य की बेहतर गुणवत्ता के निर्देश दिये। इस दौरान एसी गणेशलाल रोत, मांगीलाल मेघवाल, नरेंद्र, महिपाल खांट और लोकेंद्र सिंह चौहान मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री के विजन पर एक बार फिर खरा उतरा राजस्थान रोडवेज

**जयपुर।** राजस्थान रोडवेज द्वारा शुक्रवार को वर्षो से उलझे तीन प्रकरणों में मुख्यमंत्री की भावना को दृष्टिगत रखते हुए विवाहित पुत्रियों को अनुकम्पा नियुक्ति के आदेश प्रदान किए गए। यह प्रकरण उन विवाहित पुत्रियों के थे जो तत्समय प्रचलित नियमों में प्रावधान नहीं होने के कारण नियुक्ति की पात्र नहीं थी। राज्य सरकार की अधिसूचना एवं परिवहन विभाग के आदेशों के तहत अविवाहित होने की बंदिश हटने के कारण अब पात्रता की श्रेणी में आ गई।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा अक्टूबर, 2021 में कैबिनेट में निर्णय लिया गया था कि यदि मृत्यु के समय मृतक आश्रित की श्रेणी में किसी परिवार में सिर्फ विवाहित पुत्री ही सेवा के लिए पात्र है।

## कांग्रेस के उपप्रधान से सागवाड़ा के सरपंच परेशान, सीईओ से की शिकायत

### सरपंच संघ ने की सीईओ से मुलाकात, टेंडर प्रक्रिया पंचायत स्तर पर कराने और गर्मी में पेयजल के लिए टेंकर से सप्लाई की मांग

**सागवाड़ा।** पंचायत समिति सागवाड़ा के दौरे पर आए जिला परिषद डूंगरपुर के सीईओ अतुल प्रकाश से सरपंच संघ सागवाड़ा ने मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। सरपंच संघ के अध्यक्ष कैलाश रोत के सानिध्य में सरपंचों ने गर्मी के मौसम में होने वाली परेशानियों से सीईओ को अवगत कराया। इस दौरान सरपंचों ने पंचायत समिति सागवाड़ा के उप प्रधान नरेश पाटीदार की शिकायत भी की। कांग्रेस समर्थक उप प्रधान नरेश पाटीदार द्वारा पंचायतीराज के कार्यों की सूचनाएं मांगे जाने से सरपंचों ने आपत्ति जताई है। सरपंचों का टहना था कि उप प्रधान के पीछे कुछ ठेकेदार है जो ब्लेकमेलिंग का काम कर रहे है।

इस सबंध में सीईओ अतुल प्रकाश ने कहा कि मेरे पास भी जानकारी आई है। इसके अलावा सरपंचों ने टेंडर प्रक्रिया पंचायत स्तर पर कराने की मांग की। सरपंचों का कहना था कि टेंडर बिलो जाते है जिससे काम की गुणवत्ता खराब होती है जिसका भुगतमान सरपंचों को करना पड़ता है। गर्मी के मौसम को देखते हुए पंचायत स्तर पर टेंकर से पेयजल की सप्लाई और पशुओं के लिये चारे की व्यवस्था कराने की बात रखी।

साथ ही गांव के सार्वजनिक कुओं को टीएडी मद से गहरा करवाने की मांग भी की गई। इस दौरान संघ के अध्यक्ष कैलाश रोत, हिम्मतराम कटारा, राजेंद्र परमार, पन्नालाल डोंडियार, लोकेश ननोमा, आजाद कलासुआ, रूपलाल डेंडोर, कांतिलाल किशनपुरा, शंकरलाल ओबरी, फुलवंती वरदा, आराधना कोकापुर, रुपलाल फावटा, देवीलाल बिजावाड़ा, कमलप्रकाश सामलिया, कांतिलाल नयागांव, सोहनलाल मांडव, अशोक खांट गामड़ी देवकी मौजूद थे।



## पर्वो और त्योहारों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम को लेकर कलेक्टर और एसपी ने किया शहर का दौरा किया

**सागवाड़ा।** आगामी दिनों में आने वाले पर्वों, त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन व पुलिस मुस्तैद हैं। शुक्रवार को जिला कलेक्टर शुभम चौधरी,जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी सहित आला अधिकारियों ने आगामी दिनों में आने वाली रामनवमी को लेकर डूंगरपुर शहर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर कृष्णपाल सिंह चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, उपखंड अधिकारी मणिलाल तिर्गर, नगर परिषद आयुक्त नरपत सिंह बिजली अधिकारी सहित अन्य आला अधिकारियों भी मौजूद रहे। सबसे पहले बादल महल पहुंचे तथा जिला कलेक्टर चौधरी एसपी जोशी ने आयोजक मंडल के पदाधिकारियों से बातचीत की । उन्होंने रामनवमी को निकलने वाले शोभायात्रा के मार्ग की जानकारी ली। इसके साथ ही आयोजक मंडल को शोभायात्रा में आने वाले लोगों की संख्या, वॉलिंटियर्स एवं अन्य कार्यों के लिए सम्मिलित लोगों की सूचियां नाम एवं मोबाइल नंबर सहित प्रशासन और पुलिस प्रशासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही शोभा यात्रा के रूट चार्ट, पार्किंग व्यवस्था की जानकारी लेते हुए इन समस्त व्यवस्थाओं की सूची उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए। जिला कलेक्टर चौधरी एवं जिला पुलिस अधीक्षक जोशी ने शोभायात्रा में सभी प्रतिबंधित चीजों हेतु जारी आदेशों का पूर्ण पालन करने हेतु आयोजकों को पाबंद किया ।



इसके पश्चात जिला कलेक्टर एवं एसपी सहित समस्त अधिकारियों ने नगर का भ्रमण करते हुए गैप सागर की पाल पर संबंधित अधिकारियों से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए ।

## डूंगरपुर-बांसवाड़ा वाया रतलाम नयी रेल परियोजना की वित्तीय स्वीकृति प्रदान कराने पूर्व सांसद भगोरा ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर-बांसवाड़ा पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा ने राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिख डूंगरपुर-बांसवाड़ा वाया रतलाम नयी रेल परियोजना को वर्ष 2022-23 के बजट में वित्तीय स्वीकृति प्रदान कराने का आग्रह किया है।

पूर्व सांसद भगोरा ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में निवेदन करते हुए बताया कि बांसवाड़ा विधुत पावर प्लांट को आधार मानते हुए आपके द्वारा वर्ष 2011 में मेरे सांसद कार्यकाल के दौरान जनहित में जनजाति बाहुल्य वागड़ अंचल को ऐतिहासिक सौगात देते हुए डूंगरपुर-बांसवाड़ा वाया रतलाम नयी रेल परियोजना की स्वीकृति केंद्र सरकार के साथ 50 प्रतिशत हिस्से दारी में शुरू की गई थी जिसका शिलान्यास कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्षा सोनिया गांधी के कर कमलों द्वारा किया गया था। जो वागड़ अंचल की जीवनरेखा मानी जाती है जिसके चलते वागड़ का हर एक व्यक्ति रोजगार से जुड़कर अपना जीवनयापन कर सकता है लेकिन जैसे ही भाजपा की सरकार बनी और उक्त परियोजना को ठंडे बस्ते में डालकर जनजाति क्षेत्र की आमजनता के साथ कुठाराघात करते हुए किसी प्रकार का कोई कार्य नही करवाया गया जो भाजपा की तानाशाही व हीन भावना को दर्शाता है लेकिन कांग्रेस पार्टी हमेशा से ही वागड़ अंचल को एक से बढ़कर एक नई नई योजनाओं के माध्यम से विकास के नए नए आयाम स्थापित करने में रिकॉर्ड बना चुकी है और आपके मुख्यमंत्री काल में तो वागड़ अंचल की जनता द्वारा जो भी मांगा गया वो आपने हमेशा दिया है जिसका इतिहास गवाह है।

उन्होंने पत्र में आग्रह किया कि ऐसे में अब पूरे वागड़ अंचल की तरफ से मेरा आग्रह ओर निवेदन है कि वागड़ की जीवनरेखा मानी जाने वाली रेल परियोजना की वर्ष 2022-23 के बजट में वित्तीय स्वीकृति प्रदान करकार कार्य शुरू करावे जिससे यहा का आमजन अपने छोटे-मोटे रोजगार के साथ खुद को आत्मनिर्भर बना सके और अपने परिवार का पालन-पोषण कर सके।

## जुलूस में डीजे पर कौन सा गाना बजेगा, बताना होगा

### सरकार का फरमान : करौली हिंसा के बाद अब रैली-जुलूस में डीजे बजाने से पहले प्रशासन की मंजूरी जरूरी

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने सार्वजनिक समारोह से लेकर रैली, जुलूस और धार्मिक कार्यक्रमों में डीजे बजाने पर कई तरह की पाबंदियां लगा दी हैं। अब सार्वजनिक कार्यक्रमों, धार्मिक रैलियों, जुलूसों में डीजे बजाने से पहले पुलिस और प्रशासन की अनुमति लेनी होगी। डीजे पर कौन सा गाना बजेगा, यह भी लिखकर देना होगा। गृह विभाग ने इसे लेकर नई गाइडलाइन जारी की है।गाइडलाइन के मुताबिक, सार्वजनिक कार्यक्रमों में डीजे के इस्तेमाल से पहले आयोजक को शपथ पत्र देना होगा। इन कार्यक्रमों के आयोजन से पहले भी प्रशासन से अनुमति लेनी होगी। जुलूस, धार्मिक यात्रा जैसे आयोजनों के लिए एसडीएम, एडीएम को अनुमति के लिए आवेदन देना होगा। यहां से संबंधित थाने से इसका वेरिफिकेशन कराया जाएगा।डीजे का इस्तेमाल किए जाने से पहले शपथ पत्र देकर बताना होगा कि आयोजन धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक होगा या फिर कोई शोभायात्रा या प्रदर्शन होगा। आयोजन किस तारीख को किया जाएगा, इसमें कितने व्यक्ति शामिल होंगे, रैली या जुलूस है तो किस रूट से गुजरेगा, परंपरागत रूप से क्या वही रूट इस्तेमाल किया जाता है या उसमें कोई बदलाव किया गया है, यह सब जानकारी भी देनी होगी। आयोजन में डीजे बजाया जाएगा तो संबंधित डीजे मालिक का नाम-पता, रजिस्ट्रेशन नंबर, वाहन नंबर, कौन सा गाना बजेगा आदि का ब्योरा भी देना होगा।

## जल्द होगी राजनीतिक नियुक्तियां :पायलट



**अजमेर।** राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट शुक्रवार को अजमेर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत में केंद्र सरकार पर महंगाई और निजी करण को लेकर हमला किया। उन्होंने कहा की आने वाले दिनों में खाली पड़े पदों पर जल्द नियुक्तियां की जाएंगी। कांग्रेस पार्टी एकजुट होकर राजस्थान में एक बार फिर अपनी सरकार बनाएंगे। पायलट ने कहा कि जो नियुक्तियां सरकार कर रही हैं। उसमें बेहतर करने का प्रयास किया जा रहा है। पायलट ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने जो कदम उठाए हैं। सही दिशा में सही कदम उठाए जा रहे हैं। आने वाले दिनों में 2023 का चुनाव जीतेंगे। 15 अप्रैल तक पार्टी की मेंबरशिप चल रही है, फिर ब्लॉक, जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव होंगे। फिर नियुक्तियां होंगी और जहां भी जो पद खाली है, उन्हें भरा जाएगा। पायलट ने कहा कि इसे लेकर प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा द्वारा अलग-अलग जिलों में दौरा भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन का ढांचा तैयार है। आने वाले दिनों में सब चुनौतियों का सामना करने के लिए कांग्रेस तैयार है। पायलट ने करौली में हुई घटना पर कहा कि राजस्थान या देश का कोई भी हिस्सा हो, जहां भी कोई हिंसा होती है, या कोई भी व्यक्ति कानून को अपने हाथ में लेता है। उसकी निष्पक्ष जांच होने के साथ कार्रवाई की जानी चाहिए। पायलट ने कहा कि यह देश तब आगे बढ़ेगा, जब अमन चैन शांति बनी रहे। अगर कोई ऐसा व्यक्ति या संगठन है, जिसने अशांति फैलाने की कोशिश की हो, उस पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। पायलट ने कहा करौली हमारा शांतिप्रिय जिला है। इस तरह की घटना होना दुखद है।

## अपनी भाषा बोलने वाली कोयल स्वतंत्र तथा दूसरों की भाषा बोलने वाला तोता परतंत्र होता है-विकास राज

**सागवाड़ा।** अपनी भाषा बोलने वाली कोयल स्वतंत्र होती है तथा दूसरों की भाषा बोलने वाला तोता परतंत्र होता है ठीक उसी प्रकार अपने स्व अर्थात स्वभाषा, स्व संस्कृति, स्वदेशी, स्वाभिमान तथा अपने देश की मान मर्यादा को विस्मृत कर पाश्चात्य संस्कृति की नकल करने वाला व्यक्ति कभी अपने आप को स्वतंत्र नहीं कह सकता। अपने देश की मान मर्यादाओं को अपनी संस्कृति को अपने देश के मान बिंदुओं पर हमेशा अपनाना ही देश भक्ति है यह उद्गार आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर मनाये जा रहे अमृत महोत्सव के दौरान विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय सागवाड़ा संकुल द्वारा आयोजित संकुल स्तरीय प्रबुद्ध जन सम्मेलन स्वराज कार्यक्रम के तहत मुख्य वक्ता के रुप मे बोलते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारकजी विकास राज जी भाई साहब ने कहा कि मैकाले की शिक्षा पद्धति ऐसे अंग्रेज पैदा कर रही है जो देखने में काले होते हैं लेकिन मानसिक रूप से अंग्रेजीयत विचारों को धारण किए हुए होते हैं। मैकाले की शिक्षा पद्धति राष्ट्रप्रेम से ही विहीन युवा पीढ़ी का निर्माण कर रही है जिसे अपने देश और समाज के प्रति कर्तव्य का भान नहीं होता है। उन्होंने मदन लाल धींगरा, वीर सावरकर, उधम सिंह, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद महाराणा प्रताप, गुरु भक्त काली बाई, गोविंदगुरू आदि के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी देशभक्ति को जन जन की प्रेरणा बताया। प्रसिद्ध कथा वाचक कमलेश भाई शास्त्री ने अपने संत सानिध्य उद्बोधन में कहा की हमें हमारी एकता का परिचय देते हुए सकल हिंदू समाज को एक होने की आवश्यकता है, संगठित हिंदू से ही समर्थ भारत का निर्माण हो सकता है।





अतिथियों द्वारा मां शारदे के सम्मुख दीप प्रज्वलन से प्रारंभ हुए समारोह में सरस्वती वंदना के पश्चात अतिथि परिचय, अभिनंदन एवं कार्यक्रम परिचय संकुल प्रमुख दिनेश व्यास ने करवाया तथा सागवाड़ा संकुल के चारों विद्यालयों में हुए स्वराज 75 के कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की। नगर प्रबंध समिति के अध्यक्ष कन्हैयालाल भाटिया ने स्वागत भाषण दिया तथा हरीश सोमपुरा, मंगलेश मॉडल, पंकज दलाल, कांतिलाल व्यास, विद्या शंकर पाठक,जयशंकर पंड्या आदि ने अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया। नरेंद्र भगत ने सागवाड़ा संकुल का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि विद्या निकेतन सागवाड़ा, विद्या निकेतन भीलूडा, विद्या निकेतन सरोदा तथा उच्च प्राथमिक सागवाड़ा में 729 विद्यार्थी 30 गांव से अध्ययन के लिए आते हैं तथा उन्हें 39 आचार्य दीदी के मार्गदर्शन में संस्कार युक्त शिक्षा दी जाती है। शीला जोशी ने काव्य की चित्रकार तू चित्र बना दे उन सैनिक मतवालो का प्रस्तुत किया विद्या भारती संस्थान के सचिव जितेंद्र कुमार जोशी ने संस्थागत जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम का संचालन नागेंद्र शर्मा ने प्रस्तुत किया वही मंगलेश वाडेल ने आभार व्यक्त किया। समारोह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सागवाड़ा नगर संघचालक उमाकांत व्यास, जिला प्रचारक सुनील जी भाई साहब ,नगर कार्यवाहक अनुराग पाठक, माध्यमिक सागवाड़ा के प्रधानाचार्य नगीन सोमपुरा, मधुकर के प्रधानाचार्य जितेंद्र जोशी, ईश्वरलाल सावड़ा, प्रधान ईश्वरलाल सरपोटा, अशोक , विद्या भारती संस्थान डूंगरपुर के संस्कार केंद्र प्रमुख गिरीश पाटीदार, पूर्व विधायक अनिता कटारा, हरीश पाटीदार, अशोक पटेल,श्याम भट्ट, कविश जोशी, सुशीला राजावत, कल्पना व्यास, सीमा जोशी, रेखा उपाध्याय, प्रमोद भट्ट , बलवीर अहारी,सहित सागवाड़ा, जेठाना, भीलूड़ा, कानपुर, गोवाडी, सरोदा तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ों प्रबुद्ध जन एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे। अंत मे शांति पाठ के साथ वंदे मातरम के जयघोष के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।